कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/ट्यूटर/2024/454 दिनांकः 9/8/24

विज्ञप्ति

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के निम्नलिखित विभागों में एन0एम0सी0 मानकों को पूर्ण करने हेतु रिक्त ट्यूटर/डिमोस्ट्रेटर के पदों पर 31 दिसम्बर, 2024 अथवा इससे पूर्व महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ द्वारा अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत नियुक्त/नामित अभ्यर्थी के ज्वाइन करने तक, जो भी पहले घटित हो, तक के लिये ग्रेड–पे 5400 एवं पे–मैट्रिक्स रू0 56100.00 प्रतिमाह एवं अन्य भत्ते पर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

पदों का विवरण

क0 स0	विभाग का नाम	अनु0जाति	अनु0 जनजाति	अ0पि0व0	ई.डब्लू.एस.	अनारक्षित	कुल योग
1	आब्स्टे0 एण्ड गायनेकोलोजी	01	-	-	-	01	02
2	एनाटॉमी	-	-	01	01	-	02
3	टी0बी0 एण्ड सी0डी0	-	-	-	-	01	01
4	ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन	01	-	-	-	-	01
5	बायोकेमिस्ट्री	01	-	-	-	-	01
6	पेथोलॉजी	-	-	-	01	-	01
7	रेडियो–डायग्नोसिस	01	-	-	-	-	01
8	साइकेट्री	-	01	-	-	-	01
	कुल योग	**04**	**01**	**01**	**02**	**02**	**10**

उपरोक्त पदों हेतु एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 के मानकों के अनुरूप क्लीनिकल विभागों हेतु शैक्षिक अर्हता एम0बी0बी0एस0 अनिवार्य है एवं नॉन क्लीनिकल विभागों हेतु शैक्षिक अर्हता एम0बी0बी0एस0 अथवा सम्बन्धित विशिष्टता में एम0एससी0 मेडिकल के साथ पी0एचडी0 अनिवार्य है। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण नियमानुसार लागू है। अभ्यर्थियों का चयन एम0बी0बी0एस0/एम0एससी0 मेडिकल परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशत एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित योग्यता प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है, उनको प्राप्तांक पर पूर्ण प्रतिशत मिलेगा एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षायें अटैम्प्ट के साथ उत्तीर्ण की है, उनका प्रति अटैम्प्ट एक प्रतिशत प्रति विषय कम कर दिया जायेगा। साक्षात्कार 25 अंक का होगा। एक पद के सापेक्ष 10 से अधिक अभ्यर्थी होने पर वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों की छंटनी की जायेगी। जो अभ्यर्थी डिमोंस्ट्रेटर/ट्यूटर के पद पर तीन वर्ष का कार्यकाल किसी भी कॉलेज/संस्थान में पूर्ण कर चुके है, उनके अभ्यर्थन पर विचार नही किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप कालेज की बेबसाइट **www.snmcagra.ac.in** से डाउनलोड कर एवं उसे पूर्ण कर समस्त संलग्नकों सहित **साक्षात्कार हेतु दिनांक 16.08.2024 को प्रातः 11 बजे प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।** पद रिक्त रहने पर साक्षात्कार माह के प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होते रहेंगे। पदों की संख्या घट–बढ सकती है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना अनिवार्य है।

1.हाईस्कूल प्रमाणपत्र 2. एम0बी0बी0एस0 की अंकतालिकाएं एवं डिग्री 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट 4. एम0बी0बी0एस0 परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 5. अटैम्पट सर्टिफिकेट 6. एम0एस0सी0 एवं पी0एचडी0 की अंकतालिकाए 7. एम0एस0सी0 एवं पी0एचडी0 की डिग्री 8. आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र (ओ0बी0सी0 एवं ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी का प्रमाणपत्र दिनांक 01 अप्रैल, 2024 के उपरान्त का होना अनिवार्य हैं)।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
3. नोटिसबोर्ड– कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय, स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।
4. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

C:\USERS\CONF\DOCUMENTS\PG SECTION\NOTICE.DOCX